### एक नजर में

## उमंग स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम : माध्यमिक शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**मंदसौर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं जिला प्रशासन के निर्देशन में किशोर–किशोरियों के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 'उमंग स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम' के अंतर्गत माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास तथा आसरा लोक कल्याण समिति, देवास के सहयोग से यह प्रशिक्षण होटल महक पैलेस में आठ बैचों में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में कक्षा 6 से 8 तक के 306 शिक्षकों को राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षित किया गया। समापन अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी.एस. चौहान, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नितेश गर्ग, डायट प्राचार्य डॉ. दिलीप सिंह राठौड़ एवं प्रशिक्षण प्रभारी आर.डी. जोशी ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। प्रशिक्षण में किशोरावस्था के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक बदलाव, निर्णय लेने की क्षमता सहित जीवन के दस प्रमुख कौशलों पर शिक्षकों को जानकारी दी गई। साथ ही राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की गतिविधियों से अवगत कराया गया, ताकि विद्यालय स्तर पर 'उमंग' सत्र आयोजित कर विद्यार्थियों के स्वस्थ एवं सशक्त भविष्य की नींव रखी जा सके।

## मंदसौर 400 केवी सबस्टेशन में 500 एमवीए ट्रांसफॉर्मर ऊर्जीकृत, बिजली आपूर्ति होगी और सुदृढ़



**मंदसौर।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने मंदसौर स्थित 400 केवी सबस्टेशन में 400/220 केवी वोल्टेज स्तर का 500 एमवीए क्षमता का अतिरिक्त पावर ट्रांसफॉर्मर स्थापित कर सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत कर दिया है। इससे मालवा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति व्यवस्था और अधिक मजबूत एवं विश्वसनीय बनेगी। उन्होंने बताया कि मंदसौर–नीमच क्षेत्र सौर ऊर्जा उत्पादन का प्रमुख केंद्र बन चुका है, ऐसे में उच्च क्षमता वाला ट्रांसफॉर्मर सेंट्रल ग्रिड से मध्यप्रदेश के हिस्से की बिजली प्राप्त करने और सौर ऊर्जा की निकासी को और अधिक सुगम बनाएगा। इससे चंबल पंपिंग परियोजनाओं की बढ़ती बिजली जरूरतों को भी मजबूती मिलेगी। एमपी ट्रांसको के मुख्य अभियंता राजीव अग्रवाल के अनुसार इस परियोजना से गुर्जरखेड़ी, सुवासरा, निपानिया, रतनगढ़, दलोदा एवं नीमच के 220 केवी सबस्टेशनों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही पावरग्रिड के नीमच सबस्टेशन और भविष्य में निर्माणाधीन 765 केवी सबस्टेशन से प्रदेश को मिलने वाली बिजली की उपलब्धता और अधिक सुदृढ़ होगी। नए ट्रांसफॉर्मर के चालू होने से प्रदेश की पारेषण क्षमता बढ़कर 88,736 एमवीए हो गई है, जिसमें एमपी ट्रांसको का हिस्सा 84,023 एमवीए है। राज्य में 439 एक्स्ट्रा हाई टेंशन सबस्टेशन और 1091 पावर ट्रांसफॉर्मर कार्यरत हैं, जिनमें एमपी ट्रांसको के 417 सबस्टेशन और 1043 ट्रांसफॉर्मर शामिल हैं।

# भारतीय सफाई मजदूर संघ ने मंदसौर नगर इकाई का किया गठन

▸ **नवनियुक्त पदाधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र**



**मंदसौर।** भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध भारतीय सफाई मजदूर संघ, मध्य प्रदेश ने अपनी संगठनात्मक सक्रियता को बढ़ाते हुए मंदसौर नगर इकाई का विधिवत गठन किया है। जिला अध्यक्ष पटेल मुकेश चनाल के नेतृत्व में संगठन के विस्तार की कड़ी में यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस अवसर पर भगवान पशुपतिनाथ मंदिर परिसर स्थित श्री गोगादेवजी मेड़ी पर एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जहाँ नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके उत्तरदायित्व सौंपते हुए आधिकारिक नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। प्रारंभ में श्री गोगादेवजी की प्रतिमा पर अतिथियों ने माल्यार्पण किया। समारोह में मंचासीन अतिथियों और वरिष्ठ समाजसेवियों की गरिमामयी उपस्थिति में नियुक्तियों की घोषणा की गई।

### नवनियुक्त टीम सफाई कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती शिवानी घारू ने संगठन की मजबूती और महिला सहभागिता पर बल दिया। नवनियुक्त टीम सफाई कर्मचारियों के हितों और उनके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगी। वहीं जिला अध्यक्ष पटेल मुकेश चनाल ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि ये नियुक्तियां भारतीय सफाई मजदूर संघ, मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष श्री हीरा रानवे के कुशल निर्देशन और श्रीमती शिवानी घारू की अनुशंसा पर की गई हैं। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनसे यह अपेक्षा की कि वे भारतीय मजदूर संघ की राष्ट्रवादी विचारधारा को आत्मसात कर संगठन को नई गति प्रदान करेंगे। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि सभी पदाधिकारी कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु समन्वय बनाकर कार्य करें और संवैधानिक दायरे में रहकर उनके हक की आवाज बुलंद करें। कार्यक्रम के अंत में नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त करते हुए पूरी ऊर्जा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संजय मकवाना, गोलू कल्याणे, रवि कुमार, ललित कोंदली, महेश मकवाना, श्यामु लोट सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।



## कन्या विद्यालय धुंधड़का में शैक्षणिक सामग्री का वितरण कर विदाई समारोह धूमधाम से मनाया

**मंदसौर।** शासकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय धुंधड़का में प्रतिवर्षोनुसार इस वर्ष भी कक्षा 5 वी की नन्ही बालिकाओं का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर तथा परीक्षा उपयोगी शैक्षणिक सामग्री का वितरण कर विदाई समारोह मनाया गया। प्रारंभ में माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कक्षा 5 की छात्राओं द्वारा शाला विकास हेतु उपहार भेट किये गये। कक्षा 4 की छात्राओं द्वारा 5 वी की छात्राओं का स्वागत कर उपहार दिये। सभी कक्षाओं की छात्राओं द्वारा 2-2 प्रस्तुतिया दि गई।

प्रभारी प्रधानध्यापक विनोद पाटीदार सर ने कहा कि विदाई की यह बैला नन्ही बालिकाओं की 5 वर्षीय यादे छोड़ जायेगी। छात्राओं के सर्वांगिण विकास में लगातार नीत नवीन नवाचार एवं कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। पालकगण ग्रामवासी तथा छात्राओं में उत्साह बना रहता है। विद्यालय परिवार द्वारा सभी छात्राओं कों पेन पेंसिल रबर, सॉफ्नर, तथा स्केल देकर 20 फरवरी से आयोजित होने वाली परीक्षाओं के लिए उत्साहवर्धन किया गया।

प्राथमिक शिक्षक मनीष पारीख सर द्वारा विदाई समारोह के अवसर पर कहा कि नन्हे मुन्ने बच्चे देश भक्ति एवं राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत होकर माता पिता समाज एवं राष्ट्र का नाम गौरवान्वित करें। बालिकाएं भी सेना पुलिस तथा रक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भुमिका निभा रही है। परीक्षा उपयोगी सामग्री पेन, रबर, तथा स्केच पेन, बिस्कीट, बांटकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। पूर्व में श्री पारीख द्वारा नन्हे मुन्ने बच्चों के लिये एलईडी टीवी, फर्नीचर लगवाये गयें तथा पाठ्य सामग्री, शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया है।



## रक्त के सुरक्षित उपयोग पर चिकित्सकों का प्रशिक्षण संपन्न

**मंदसौर।** जिला चिकित्सालय मंदसौर के रक्त केन्द्र द्वारा 'रक्त एवं रक्त अवयवों के युक्तिसंगत उपयोग' विषय पर चिकित्सकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी.एस. चौहान ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य मरीजों में रक्त के सुरक्षित, आवश्यक एवं वैज्ञानिक उपयोग को बढ़ावा देना तथा अनावश्यक रक्ताधान को रोकना है।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी की सहायक संचालक मोनल सिंह जाट, लक्ष्मीनारायण पांडे एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रीतेश गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में मेडिकल कॉलेज मंदसौर की अधिष्ठाता डॉ. शशी गांधी, सिविल सर्जन डॉ. बी.एल. रावत, आईएमए मंदसौर अध्यक्ष डॉ. सुरेश पमनानी सहित वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहे।

**एक नजर** ▸ **28 फरवरी तक न्यायिक अभिरक्षा में भेजे गए**

# संरक्षित वन्यजीवों के अंगों की तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर। वन संरक्षक, उज्जैन वन वृत्त तथा वनमण्डलाधिकारी, मंदसौर के मार्गदर्शन एवं उप वनमंडलाधिकारी, गरोठ तथा वन परिक्षेत्राधिकारी, मंदसौर के निर्देशन में वनमंडल मंदसौर अंतर्गत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 3832/14 में वन विभाग द्वारा वन्यजीव तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।**




बीट बरदल क्षेत्र में रेवास देवड़ा धुंधलेश्वर महादेव शिवरात्रि मेले के दौरान वन विभाग की टीम ने दबिश देकर संरक्षित प्रजाति के वन्यजीवों के अवशेष बरामद किए। जब्ती में मॉनिटर लिजार्ड (गोह) के अंग (हत्थाजोड़ी नग 10), हेजहॉग (सेही प्रजाति) तथा अन्य वन्यजीवों के अवशेष एवं अंग शामिल हैं। कार्रवाई के दौरान उक्त अवैध कृत्य में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल भी जप्त की गई हैं।

संबंधित प्रजातियां वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के अंतर्गत संरक्षित श्रेणी में आती हैं। इनके अवैध शिकार एवं तस्करी पर 3 से 7 वर्ष तक का कारावास तथा न्यूनतम ?25,000 के दंड का प्रावधान है।

दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां माननीय न्यायिक दंडाधिकारी महोदय, प्रथम श्रेणी न्यायालय मंदसौर द्वारा उन्हें दिनांक 28 फरवरी 2026 तक न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण में विवेचना जारी है।

### गिरफ्तार आरोपी

सरमन पिता अमरसिंह पारदी, उम्र 57 वर्ष, निवासी अरनिया निजामुद्दीन, जिला मंदसौर (म.प्र.), जुगतारसिंह पिता केमसिंह पारदी, उम्र 39 वर्ष, निवासी डिगांव खुर्द (हाल मुकाम अरनिया निजामुद्दीन), जिला मंदसौर (म.प्र.)।

उक्त कार्रवाई में सोनू नागदा (स्टेनो), पुष्कर मालवीय (कार्यवाहक उप वनक्षेत्रपाल), नरेंद्र मालवीय (वनरक्षक), जितेंद्रसिंह पंवार (वनरक्षक) एवं मयूरराज सिंह चौहान (वनरक्षक), श्रीमती किरणसिंह राठौड़ (वनरक्षक) का सराहनीय योगदान रहा।

# नीमच

### एक नजर में

## आगामी त्योहारों को लेकर मनासा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



**मनासा।** आगामी रंगों के त्योहार होली, शीतला सप्तमी ओर मुहर्रम, ईद को सौहार्दपूर्ण ओर शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए मंगलवार की शाम 6 बजे मनासा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। पुलिस प्रशासन ने असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने के साथ ही भाईचारा बनाए रखने की अपील की बैठक में पुरानी परंपराओं का पालन करने और पुलिस प्रशासन का सहयोग करने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान एसडीएम किरण आंजना, डीएसपी निकिता सिंह, थाना प्रभारी शिवरघुवंशी, तहसीलदार मुकेश निगम, विद्युत विभाग सहायक यंत्री डीके मालवीय, नगर के गणमान्य नागरिक एवं पत्रकारगण मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत पीड़ित परिवार को चार लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मनासा।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा द्वारा मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत मनासा उपखण्ड के गांव खजूरी निवासी किसान रामप्रसाद पिता प्रभुलाल ब्राह्मण की खेत पर कृषि कार्य करते 16 जून 2026 को विद्युत करंट लगने से उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने पर मृतक किसान की वारिस पत्नि शकुंतला बाई एवं सुभाष व रानू पिता स्व.रामप्रसाद ब्राह्मण निवासी खजूरी को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। तहसीलदार मनासा द्वारा एसडीएम मनासा के माध्यम से पीडित परिवार को आर्थिक सहायता का प्रकरण तैयार कर स्वीकृति के लिए कलेक्टर नीमच को प्रेषित किया था। इस पर कलेक्टर द्वारा पीडित परिवारों को मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई।

## हांसपुर बीड में अज्ञात कारणों के चलते लगी आग ,वन विभाग सहित फायर बिग्रेड पहुंची मोके पर



**मनासा।** वन विभाग क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम हांसपुर ओर ग्राम बनी के बीच मंगलवार दोपहर 2 से तीन बजे के करीब वन विभाग परिक्षेत्र के बीड में फैले चारे में अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी ।आग हवा के वेग से फैलने लगी। आसपास खेतो पर काम कर रहे लोगों को घटना की जानकारी लगते ही सूचना वन विभाग अधिकारी और मनासा फायर बिग्रेड टीम को दी। जानकारी मिलते ही वन विभाग अधिकारी टीम और फायर बिग्रेड टीम मौके पर पहुंची है करीब 1 घंटे की महक्कत के बाद समय रहते आग पर काबू पाया गया। हालांकि आगजनी में कोई ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है ।समय रहते आग पर काबू पा लिया गया था।

# मंडी से लौट रही ट्रैक्टर–ट्रॉली पलटी, एक की मौके पर दर्दनाक मौत

▸ **सरवानिया महाराज क्षेत्र में दर्दनाक हादसा**

**नीमच। जिले के जावद थाना क्षेत्र की सरवानिया चौकी अंतर्गत ग्राम आंकली पुलिया पर बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। मंडी से फसल बेचकर लौट रही ट्रैक्टर–ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे जा गिरी। हादसा इतना भीषण था कि चालक को संभलने का अवसर तक नहीं मिला और घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर–ट्रॉली चौकानखेड़ा निवासी व्यक्ति की बताई जा रही है। वाहन चालक मनोहर भील मंडी में उपज बेचकर मेलानखेड़ा की ओर लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जैसे ही वाहन आंकली पुलिया के पास पहुंचा, अचानक संतुलन बिगड़ गया। देखते ही देखते ट्रैक्टर–ट्रॉली पुलिया से नीचे पलट गई। गिरते ही चालक वाहन के नीचे दब गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के तुरंत बाद क्षेत्र में अफरा–तफरी का माहौल बन गया। आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण और राहगीर मौके पर दौड़े और राहत कार्य शुरू किया। किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए तत्काल सरवानिया चौकी पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस दल घटनास्थल पर पहुंचा और स्थिति को संभाला। चौकी प्रभारी निलेश सोलंकी ने बताया कि प्रथम दृष्टया दुर्घटना वाहन के अनियंत्रित होने से हुई प्रतीत होती है, हालांकि तकनीकी पहलुओं और अन्य संभावित कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्रित किए हैं।

### जेसीबी मशीन की मदद निकाली ट्रैक्टर–ट्रॉली

पुलिया से नीचे पलटी ट्रैक्टर–ट्रॉली को बाहर निकालने के लिए जेसीबी मशीन की मदद लेनी पड़ी। काफी मशक्कत के बाद वाहन को सीधा किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल भिजवाया और मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है। इस हृदयविदारक हादसे से चौकानखेड़ा सहित आसपास के गांवों में शोक की लहर फैल गई है। मंडी से रोजी–रोटी कमाकर लौट रहे चालक की इस तरह असमय मौत ने कई सवाल भी खड़े कर दिए हैं क्या पुलिया पर सुरक्षा इंतजाम पर्याप्त थे क्या सड़क की स्थिति हादसे की वजह बनी फिलहाल इन सभी बिंदुओं पर पुलिस जांच जारी है।




## रतनगढ़ ब्लॉक की संगठनात्मक बैठक एवं चलो पंचायत

▸ **, चलो पंचायत कार्यक्रम आयोजित**

**रतनगढ़।** रतनगढ़ ब्लॉक युवा कांग्रेस द्वारा मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के निर्देशन में 'चलो पंचायत, चलो पंचायत' कार्यक्रम का आयोजन रतनगढ़ स्थानीय डाक बंगला पर किया गया।

कार्यक्रम में मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री, नीमच जिला युवा कांग्रेस प्रभारी विनोद पाटीदार, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मन्नू बना, जावद विधानसभा उपाध्यक्ष कमल छपरीबंद, तथा रतनगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष अंकित शर्मा के मार्गदर्शन में कार्यकर्ता उपस्थित रहे. कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित करने से हुई। इसके बाद जिला कांग्रेस प्रभारी और वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का स्वागत किया गया, जिसमें सभी युवा साथियों को पुष्प माला पहनाकर कार्यक्रम में शामिल किया गया। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सुरेश शर्मा ने युवाओं को भाजपा की नीतियों, बेरोजगारी, किसानों पर हो रहे अत्याचार, और मनरेगा को बंद करने की संभावित योजनाओं के बारे में जानकारी दी और सभी से एकजुट होकर विरोध करने का आह्वान किया। जिला प्रभारी विनोद पाटीदार ने सभी युवाओं को मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के अभियान में सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया। जिला अध्यक्ष मन्नू बना ने युवा कार्यकर्ताओं को और अधिक युवाओं को जोड़ने के लिए मार्गदर्शन दिया।

**एक नजर** ▸ **परीक्षाओं के मद्देनजर निर्धारित सीमा से अधिक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा– एस.पी.**

# जिले में शांति एवं सदभाव के साथ त्यौहार मनाने की परम्परा हमेशा कायम रहे : कलेक्टर

**नीमच।** आगामी होली, रंग पंचमी एवं रंग तेरस पर सूखे अच्छे किस्म के रंगो से होली खेले, जबरन किसी पर रंग ना डाले। होलिका दहन के लिए हरे पेड़ नहीं काटे। बिजली के तारों के नीचे होलिका दहन ना करें। पानी के अपव्यय को रोके। ऑखों एवं शारीरिक क्षति पहुंचाने वाले रंगों का उपयोग ना करें। यह अपील सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल ने जिलेवासियों से की है। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने शांति समिति के सदस्यों को आगामी त्यौहारों पर चाक–चौबंद व्यवस्था का भरोसा दिलाया।



बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल, अपर कलेक्टर श्री बी.एस.कलेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री एन.एस.सिसोदिया, एसडीएम संजीव साहू, सभी एसडीओपी, सहित अन्य जिला अधिकारी एवं शांति समिति सदस्यगण उपस्थित थे। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने कहा, कि त्यौहारों पर जिले में शांति व सौहार्द्र की परम्परा कायम रही है और इसे हमेशा कायम रखना हम सभी का दायित्व भी है। शांति समिति सदस्य, शांति व्यवस्था बनाये रखने में बडा योगदान देते हैं। कलेक्टर ने त्यौहारों पर आयोजकों से स्वयं सेवक तैनात कर, उनकी सूची एसडीएम एवं पुलिस थानों को देने की बात कही, जिससे कि व्यवस्था बनाये रखने में मदद मिल सके। नगरपालिका अधिकारी को निर्देश दिए, कि होलिका दहन एवं धुलेंडी के दिन गैर निकलने के उपरांत शहर में विभिन्न स्थानों पर तत्काल सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा, कि परीक्षाओं को दृष्टिगत रख ध्वनि विस्तारक यंत्रों का सीमित उपयोग किया जाए। उन्होने कहा, कि अस्पतालों की 200 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार का आयोजन करने की अनुमति नहीं रहेगी। पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल ने कहा, कि उक्त त्यौहारों पर पुलिस की माकुल व्यवस्था रहेगी। आयोजक जुलूस, गैर रैली, जलसों आदि की पूर्व सूचना प्रशासन को देकर, अनुमति अवश्य प्राप्त करें।

### होली की व्यवस्थाओं को लेकर ली बैठक

बैठक में कलेक्टर ने नगरपालिका एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को होलीका दहन वाले स्थानो का संयुक्त भ्रमण कर, आवश्यकतानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए। नगरपालिका को सडकों के गढ्ढों की भराई करवाने, पर्याप्त पेयजल, प्रकाश एवं साफ–सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने, विद्युत विभाग को विद्युत तार को दुरूस्त करने के निर्देश दिए गए है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को त्यौहार के दौरान जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर इमरजेन्सी चिकित्सा व्यवस्था के निर्देश दिये गये।